**खबर संक्षेप**

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले पर होगी सख्त कार्यवाही

**मण्डला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरोते ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों एवं अनाधिकृत रूप से तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। भारत सरकार ने तम्बाकू के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए 18 मई 2003 को तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिशोध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 पारित कर दिया। यह अधिनियम उन सभी उत्पादों पर लागू होता है जिनमें किसी भी रूप में तम्बाकू है जैसे- सिगरेट, सिगार, चेरुट, बीड़ी, गुटका, तम्बाकू युक्त पान मसाला, खैनी मावा, मिसरी, सुंघनी आदि। अधिनियम के मुख्य प्रावधान इस प्रकार हैं-सेक्शन 4 सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध जैसे सभागृह, अस्पताल भवन, रेलवे स्टेशन व प्रतीक्षालय, मनोरंजन केंद्र, रेस्टोरेंट व रेस्टोरेंट व शासकीय कार्यालयों, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थानों, पुस्तकालय, लोक परिवहन अन्य कार्यस्थल कार्यालय व दुकानें आदि। उल्लघंन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। सेक्शन 5 तम्बाकू उत्पादों के प्रचार प्रसार हेतु विज्ञापन एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन पर प्रतिबंध है, उल्लघंन की स्थिति में (धारा 5 के उल्लंघन में) कोटपा-2003 अधिनियम की धारा 22 के तहत प्रथम बार उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक का कारावास एवं 1000 रुपये तक जुर्माना या दोनों। दूसरी बार उल्लघंन के मामले में 5 वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपये का जुर्माना या दोनों। सेक्शन 6 अ के उल्लंघन में 18 वर्ष के कम आयु के नाबालिक को व्यक्ति के द्वारा तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है एवं दुकान के मालिक अथवा प्रबंधक को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री के स्थान पर 30 से 60 सेंटी मीटर का बोर्ड प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू बिक्री दण्डनीय अपराध है एवं चित्र में तम्बाकू जानलेवा है। यदि धारा 6 अ का उल्लंघन करने पर किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 के अंतर्गत 7 साल का कारावास एवं एक लाख रुपए का जुर्माना लगेगा। उन्होंने बताया कि धारा 6 अ के अनुसार क्या होना चाहिए - धारा 6 अ के तहत दुकान के मालिक अथवा प्रबन्धक को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री के स्थान पर निम्नलिखित प्रारूप का 30 से 60 सेमी का बोर्ड प्रदर्षित करना होगा। अठारह वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय तम्बाकू जानलेवा है अपराध है। दूकानदार को यदि लगे की कोई तम्बाकू उत्पाद खरीदने वाला 18 वर्ष से कम उम्र का है तो वह उससे आयु का प्रमाण मांगे। सेक्शन ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों का विक्रय प्रतिबंधित है। धारा 24 के अंतर्गत 200 रुपए का जुर्माना।

**बालिका छात्रावासों का प्रभार महिला एपीसी को दिये जाने की मांग**

# बालिकाओं ने लगाई न्याय की गुहार

*** कस्तूरबा गांधी छात्रावास सुखराम का मामला।**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास सुखराम विकास खंड नारायणगंज की छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ मण्डला कलेक्ट्रेट पहुंचीं, जहां उन्होंने वार्डन के खिलाफ की गई जांच को लेकर असंतोष जताया। छात्राओं का आरोप है कि पूर्व वार्डन के खिलाफ की गई शिकायतों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और सहायक वार्डन नीता अर्शिया को बिना उनका पक्ष सुने उन्हें सेवा से पृथक कर दिया गया, जबकि उन पर कोई आरोप नहीं था। छात्राओं जब बाहर निकली तो चौकीदार और वार्डन क्या कर रही थी उनकी जिमेदारी भी तय होनी थी लेकिन जिले छात्रावास प्रभारी द्वारा चौकीदार का बस एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही एवं वार्डन को मूल विभाग में भेजने की औपचारिक कार्यवाही की गई और सहायक वार्डन जिसके ऊपर कोई आरोप नही है उसे सीधे सेवा से पृथक करने का प्रस्ताव बनाकर जिले की कमेटी को प्रस्तुत किया गया। ताकि जिले के छात्रावास प्रभारी का दबदबा पूरे छात्रवास में बना रहे। जिले में कस्तूरबा गांधी छात्रवास का प्रभार के लिए जिले में एक महिला ए पी सी का पद स्वीकृत है लेकिन कुछ विभाग के ही कुछ कर्मचारी/अधिकारियों द्वारा किसी की नियुक्ति नही होने दे रहे है। ज़िला प्रशासन इस मामले की सूक्ष्म पुनः जांच कराते हुए पूर्व जांच मे पर्दा डालने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही करते हुए, जिला शिक्षा केन्द्र महिला एपीसी की नियुक्ति की जाए या जब तक महिला एपीसी की नियुक्ति नही होती तब किसी महिला का इसका प्रभार दिया जाना चाहिए।

छात्राओं ने बताया कि सहायक वार्डन नीता अर्शिया ने पिछले कई वर्षों से छात्रावास में बेहतर काम किया है और उनकी बातें सुनी जाती थीं। हालांकि, वार्डन के खिलाफ उठाए गए मुद्दों के बाद, सहायक वार्डन को बिना उचित जांच के ही कार्यवाही का शिकार बना दिया गया। इससे छात्राएं काफी दुखी और परेशान हैं। जिला शिक्षा केन्द्र के एपीसी जिनके पास जिले के बालिका छात्रावास का प्रभार है उनका पत्राचार केवल वार्डन से होता है इसलिए उनके द्वारा उसे बचाया गया है छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कई बार अपनी समस्याओं के बारे में अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनकी आवाज़ सुनने वाला कोई नहीं था।

इस स्थिति को लेकर छात्राओं ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और भोपाल शिक्षा विभाग के आयुक्त को लिखित में शिकायत भेजी है। मण्डला कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने ज्वाइंट कलेक्टर ऋषभ जैन से मिलकर ज्ञापन दिया गया। श्री जैन ने आश्वासन दिया कि वे सात दिनों के अंदर मामले की जांच करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

छात्राओं ने ज्वाइंट कलेक्टर से निवेदन किया कि पहले की जांच में हुई अनियमितताओं को दूर किया जाए और सही तरीके से निष्पक्ष जांच की जाए। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों में यह भी शामिल था कि सहायक वार्डन के खिलाफ शिकायत करने वाली छात्राएं अपने आरोपों से पीछे हट गई थीं। ऐसे में सहायक वार्डन को निलंबित करना न केवल अन्याय है, बल्कि इससे छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

जिला समन्वयक अधिकारी से मिलने के बाद भी छात्राएं न्याय की आस में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच टीम ने सही तरीके से कार्य नहीं किया और केवल लीपापोती की गई। इससे छात्राओं में असंतोष बढ़ रहा है और वे न्याय के लिए संघर्ष कर रही हैं।

छात्राओं ने कहा कि वे अपने हक के लिए लड़ती रहेंगी और उम्मीद करती हैं कि सरकार इस मामले पर ध्यान देगी और उचित कार्रवाई करेगी। यह मामला न केवल कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं का है, बल्कि यह सभी छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है कि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं।

छात्राओं का यह कदम यह दर्शाता है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, वे चुप नहीं बैठेंगी और लगातार अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास करती रहेंगी।

## राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

14 से 17 अक्टूबर को ग्वालियर में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में मण्डला जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वूशु कोच पूर्णिमा रजक के अनुसार, जबलपुर संभाग की टीम में शामिल मण्डला के पांच खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में साद रहमान ने 52 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर आगामी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में अपने स्थान को पक्का किया। इसके अलावा, शौर्य मिश्रा ने 56 किलोग्राम में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि प्रखर बर्मन (36 किलोग्राम) और नेहा परते (45 किलोग्राम) ने कांस्य पदक हासिल किए।

मण्डला जिले के तीन खिलाड़ियों ने आदिवासी विकास की टीम से प्रतियोगिता में भाग लिया। ये खिलाड़ी मोहगांव उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र हैं, जिन्हें स्कूल प्रशिक्षक रेहान राज मोमिन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। नितेश मसराम ने 65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और आगामी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय वूशु प्रतियोगिता, जो जम्मू में आयोजित होगी, में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ओम गोलहानी ने 80 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया।

इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां न केवल मण्डला जिले, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस स्तर तक पहुँचाया है, और वे आगे भी उत्कृष्टता के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित हैं।

# भासेविप द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन




*** समिति में सहयोग करने वाले कार्यकर्ता और समिति में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जुड़े व्यक्तियों का किया सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सम्मान समारोह में मंच संचालन करते हैं संतोष कुमार मरावी ने कहा बीएसवीपी भागीरथ सेवा विकास परिवार मण्डला द्वारा सामाज के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सराहनीय कार्य हो रहे हैं यह सभी कार्यों को सफल बनाने में समिति में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े व्यक्तियों की अहम भूमिका होती है इसलिए समिति द्वारा एवं समिति के संस्थापक अध्यक्ष अजय कुमार कुमार के मार्गदर्शन और आदेशानुसार समय-समय पर सम्मान समारोह आयोजित करती है वर्तमान में भागीरथ सेवा विकास परिवार समिति आठ वर्षों से लगातार सिकल सेल एनीमिया रक्तदान पर्यावरण संरक्षण शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम स्वास्थ्य परीक्षण बड़े सभा और ऐसे अनेक सेवा कार्य सामाजिक धार्मिक खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सामाज को सामाजिक समरसता के सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रही है इसी के निमित्त समिति के ऐसे सदस्य जो लगातार अपना अपना समय संस्था पर निस्वार्थ भाव से देते हैं ऐसे प्रत्येक समिति के सदस्यों एवं समिति में समय-समय पर प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया यह कार्यक्रम महाराजपुर स्वयं सिद्ध पैरामेडिकल कॉलेज भवन पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ योगेश सिरसाम अमित ढकरिया इंद्र झारिया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ समीर साहू और मुख्य वक्ता के रूप में समिति के वरिष्ठ युवा सदस्य शीतल कुमार उपस्थित रहे मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा भारत माता जी के चित्र पर माल्यर्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों द्वारा समिति द्वारा प्रत्येक कार्यक्रमों एवं उद्देश्यों पर विचार विमर्श कर समिति के सदस्यों को मार्गदर्शन किया गया और आग्रह किया गया कि इसी प्रकार समाज में अपना निस्वार्थ भाव से समय-समय पर अपना योगदान देते रहें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते रहें कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यक्रम उपस्थित बंधुओ का समिति सर्टिफिकेट मूमेंट देकर सभी को सम्मान किया गया जिसमें यह सम्मान पाकर समिति के सदस्यों समिति सभी उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में सरकारी अस्पताल सिकल सेल एनीमिया की जांच टीम स्वंय सिध्द पैरामेडिकल कोलेज के छात्र छात्राएं भागीरथ सेवा विकास परिवार समिति के लगभग 50 से अधिक लोग सम्मिलित हुए।

## पुलिस स्मृति दिवस पर परेड का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस स्मृति दिवस पर मण्डला पुलिस लाईन में परेड का किया जावेंगा आयोजन, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एनपीएम), नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से किया जावेगा सजीव प्रसारण लाईव प्रसारण हेतु https://webcast.gov.in/mha/ib पर जुड़ा जा सकता हैं प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है और पूरे देश में प्रत्येक पुलिस इकाई में सभी पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह मंत्री के आतिथ्य में 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एनपीएम), नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सुबह 08:00 बजे लाइव प्रसारण किया जाएगा जो वेबकास्ट यूआरएल https:// webcast.gov.in/mha/ib पर उपलब्ध होगा। आपसे अनुरोध हैं कि आप इस यूआरएल को पुलिस स्मारक दिवस परेड, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, नई दिल्ली का लाइव वेबकास्ट' शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रदर्शित करें, ताकि अधिक से अधिक इस वेबकास्ट को देख सकें। यह भी अनुरोध है कि लाइव टेलीकास्ट और वेबकास्ट के बारे में सभी आम जनता के बीच अधिकतम जागरूकता पैदा करने हेतु न्यूज़ प्रसारित व प्रिंट करने का कष्ट करें।

## धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 21 सितम्बर तक

**मण्डला।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया किया खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 19 सितम्बर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 तक नियत की गई थी। अब उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 21 सितम्बर 2024 तक बढ़ाई गई है। जिले के शेष समस्त किसान भाईयों से अनुरोध है कि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने हेतु अपने समीप के सहकारी समिति, अधिकृत कॉमन सर्विस सेन्टर, एम पी ऑनलाईन सेन्टरों एवं किसान ऐप पर जाकर अपनी फसल का पंजीयन समय सीमा में कराएं।

## कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने स्व सहायता समूहों के कार्यों का अवलोकन किया

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत बिछिया के ग्राम लपटी में ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों के द्वारा लगाए जा रहे उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यान में लगाए गए पौधों की नियमित रूप से देखभाल करने के निर्देश दिए। पौधों के लिए सिचाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समीप के नाले में बोरिंग कराने को कहा। जिससे स्व सहायता समूहों के द्वारा लगाए गए पौधों को नियमित रूप से सिचाई हेतु पानी उपलब्ध होता रहे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से स्व सहायता समूहों के उद्यान का निरीक्षण करें और स्व सहायता समूहों को नियमित रूप से मार्गदर्शन दें।

**कला** | **स्थानीय स्तर पर बनाई एक फिल्म।**

# क्षेत्रीय प्रतिभाओं का सराहनीय प्रयास

*** जल्द ही लोगों को देखने मिलेगी यह फिल्म।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला में पूरी तरह से बनाई गई एक शानदार फिल्म "समर" जल्द ही बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है। यह एक्शन ड्रामा न केवल स्थानीय रचनात्मकता का उत्सव है, बल्कि क्षेत्र के उभरते सितारों को भी सामने लाता है। सीमित संसाधनों और असीम उत्साह के साथ बनाई गई यह फिल्म इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि समर्पण से क्या हासिल किया जा सकता है।

इस परियोजना के केंद्र में हैं आयुष उपाध्याय, जो एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा के फिल्म स्नातक हैं। आयुष ने इस फिल्म में मुख्य अभिनेता, लेखक, गायक, संपादक और निर्देशक की भूमिका निभाई है, और प्रोजेक्ट के लगभग हर पहलू को अकेले ही संभाला है। आयुष इससे पहले कई शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन और अभिनय कर चुके हैं, और बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा और उनके काम के प्रति समर्पण फिल्म में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिसने पहले ही स्थानीय समुदाय में उत्साह पैदा कर दिया है।

आयुष के साथ इस यात्रा में सुधांशु गौर हैं, जो फिल्म के डीओपी (डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी) हैं। सुधांशु स्कूल और कॉलेज में आयुष के जूनियर रह चुके हैं और उन्होंने फिल्म के निर्माण और पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया में लगातार सहयोग दिया है। उनके तकनीकी कौशल और समर्पण ने आयुष की दृष्टि को स्क्रीन पर जीवंत किया है।

फिल्म की प्रमुख अभिनेत्री गार्गी मोदी भी इस प्रतिभाशाली टीम का हिस्सा हैं, जो पहले आयुष के साथ आशियाँ नामक एक म्यूजिक वीडियो में काम कर चुकी हैं, जिसे मंडला में ही शूट किया गया था। साथ ही दिविता सीरवानी, संजय नंदा, सौरभ नंदा, मधुरेश ज्योतिषी ने भी मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं और इमरोज़ नूर ने कुछ कलाकारों को डबिंग में अपने स्वर दिए हैं। फिल्म के एक्शन का निर्देशन सौरभ नंदा ने किया है। इस फिल्म में दो गाने भी हैं जिन्हें आयुष और गार्गी ने खुद ही अपनी आवाज़ दी हैं, धुन जॉय अर्नेस्ट की है और शब्द सार्थक चौबे के हैं। गानों की रिकॉर्डिंग एवं संगीत मंडला के ही विवेक क्षत्री ने की है। फिल्म का बैकग्राउंड संगीत विवेक क्षत्री के साथ अमान खान ने दिया और इसकी मिक्सिंग मास्टरिंग भी अमान खान ने ही पूरी की है।

यह फिल्म मण्डला की प्रतिभा का एक गर्वपूर्ण प्रदर्शन है, जो स्थानीय युवाओं के जुनून और समर्पण को दर्शाती है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया के दौरान टीम को सीमित वित्तीय संसाधनों और पेशेवर उपकरणों की कमी जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह और कड़ी मेहनत से एक ऐसी फिल्म तैयार हुई है, जो दर्शकों को प्रभावित करने के लिए तैयार है।

फिल्म की कथा, जिसमें एक्शन और भावनाओं का अद्भुत मेल है। इसकी अद्भुत दृश्यता और दिल को छू लेने वाली कहानी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाएगी।

फिल्म निर्माताओं को उम्मीद है कि समुदाय इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में समर्थन करेगा, जो मंडला के दिल और आत्मा का प्रतिनिधित्व करती है। फिल्म की स्क्रीनिंग की तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी और टीम इस फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने के लिए बेहद उत्सुक है।

## टोल प्लाजा में अवैध वसूली के खिलाफ युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बिछिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम चारटोला टोल प्लाजा में हुई अवैध वसूली और मारपीट की घटना की जांच की मांग की है। 15 सितंबर 2024 की रात को कुछ लोगों ने गाड़ी चालकों के साथ वाद-विवाद कर उन्हें धमकाया और मारपीट की, जिससे इलाके में भय का माहौल बन गया है।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बिछिया विधानसभा अध्यक्ष विकास साहू ने कहा कि यह घटना शांति प्रिय इलाके की फिजा को खराब कर रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे। ज्ञापन के दौरान विकास साहू के साथ हीरा उद्दे, रितेश झरिया, टोनी मिश्रा, निखिल राजपूत, दीपक भलावी, रोहित यादव, विनोद यादव, मिल्कियत दास, डेविड कुशराम, सुदर्शन धुर्वे, अनुराग यादव, गणेश यादव, विकास झरिया सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे। उन्होंने मिलकर कलेक्टर से तत्काल कार्यवाही की मांग की, ताकि इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। युवा कांग्रेस के इस कदम को क्षेत्र के लोगों ने सकारात्मक रूप से लिया है और उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले में सख्त कार्यवाही करेगा।

**खबर संक्षेप**

## पथ संचलन कर गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने दिया सामाजिक एकता का संदेश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गाडरवारा में विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर के उपरांत बीते हुये रविवार को स्वयं सेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजन करने के उपरांत नगर के अलग अलग वार्डो में पथ संचालन किया गया। बताया जाता है कि स्वयं सेवको का यह पथ संचालन नगर में इस बार अलग अलग वार्डो में हुआ। हर साल देखा जाता था कि सामूहिक रूप से होता था। बताया जाता है कि इस पथ संचालन कार्यक्रम में राष्ट्रीय भक्ति से ओत प्रोत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ता अनुशासित ढंग से कदम से कदम बढाते हुए सामाजिक एकता का संदेश देते हुए चल रहे थें। इस दौरान नगर के भ्रमण के दौरान इन गणवेशाधारियों के ऊपर जहां लोग पुष्प बरसाते हुये देखे गये तो इस मौके पर नगर के मुख्य मार्गो का अनोखा ही दृश्य प्रतीत होने से नही चूक रहा था। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व में भारत के समान गौरवशाली दूसरा देश नही है, हमारे देश की संस्कृति, धर्म, सभ्यता महान है, भारत के युवा, बच्चें देश भक्त है जो देश की शान के लिए झुकना नही सिखे है बल्कि अपने प्राणों की आहूति देने के लिए तैयार रहते है, भारत में बहुमुखी विकास के इन्द्रधनुषी रंग ईश्वर, संतो की कृपा से बिखरने का अनवरत सिलसिला चलता रहा है और चलता रहेगा, ऐसे में आवश्यकता है कि हम भारत की अस्मिता की रक्षा करने सदा तत्पर रहे और समाज में एकता की भावना का संचार करे, संघ के अनेक कार्यकर्तागण मौजूद थें।

## पशु केन्द्रों में आये दिन लटके दिखाई पड रहे ताले

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले लोगों को उनके पालतू पशुओं का जरूरत पड़ने पर समय समय पर इलाज होने के साथ साथ पशु संबंधी जरूरी जानकारियों प्राप्त करने के लिए जहां तहां पशु केन्द्र स्थापित किये गये है। मगर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इन पशु केन्द्रो में अधिकांश समय मात्र ताला लटका होने के कारण जहां यह मात्र शोभा की सुपारी बन कर रहे गये है? वही दूसरी ओर इन पशु केन्द्रो के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ मिलता हुआ जान नही पड़ रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में बने हुये पशु चिकित्सा केन्द्र सहित अन्य ग्रामों में स्थापित केन्द्रा में भी देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि जब क्षेत्र के किसान जरूरत पड़ने पर अपने पशुओं को लेकर यहां पर पहुंचते है तो वहां पर मात्र ताला लटका हुआ ही मिलने के कारण वह निराश होकर बापिस हो जाते है, जबकि गौर किया जावे तो इस समय चल रहे बारिश के दौर में पशुओं में अनेक प्रकार की बीमारी फैलने का भय रहता है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां पर पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के दर्शन हो पाना मुश्किल होने के कारण न तो क्षेत्र के लोगों को पशु संबंधी जरूरी जानकारियाँ मिल पा रही है और नही पशुओं को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाएं जिसके चलते क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे है।

## स्कूलों मे सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये, कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष रह गये है तो वह भी संस्थाओं की कोठरी मे बंद पडें हुए सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ा रहे है।

# गौवंश हत्या खुलसा के उपरांत गाडरवारा पुलिस के हाथ फिर लगी बड़ी सफलता, एक लाख तीस हजार कीमत के स्मैक पावडर के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार, आरोपी के राजस्थान के सौदागरों से जुड़े हैं तार...









**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

क्षेत्र में लागातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के चलते जहां युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के कारण उसकी जिन्दगी बर्बाद होते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर आये दिन नये नये अपराध भी जन्म लेते हुये देखे जा रहे है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा गुण्डे, बदमाशों एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु जिला अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन चलाए जा रहे ''आपरेशन प्रहार'' के तहत कार्यवाही करते हुये बीते हुये दिवस 1 लाख 30 हजार रूपये कीमती 13.84 ग्राम स्मैक सहित 02 आरोपीगण गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह देखा जावे तो बीते हुये सप्ताह के दौरान पुलिस के हाथ यह दूसरी बड़ी सफलता है। क्योंकि जिले के साथ साथ प्रदेश की राजधानी तक चर्चा का विषय बन चुके गौवंश हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने में गाडरवारा पुलिस की सफलता के उपरांत एक ही सप्ताह के अंदर यह दूसरी बड़ी सफलता है। बताया जाता है कि जब बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी उसी दौरान पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम सुखराम उर्फ सुक्कू मालवीय पिता कन्हैया लाल मालवीय, उम्र 60 वर्ष निवासी, राजीव वार्ड गाडरवारा बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा पकड़े गये इस युवक की तलाशी ली गई तो इसके पास से पुलिस को 13.84 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पावडर पाया गया जिसकी बाजार में अनुमानित तौर पर कीमत 1 लाख 30 हजार रूपया बताई जा रही है। वही जब पुलिस द्वारा सुखराम से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो आरोपी सुखराम मालवीय ने इस अवैध कारोबार में शामिल अपने अन्य साथी आकाश राजपूत को झालावाड राजस्थान शामिल होना बताया जिसको भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उक्त करते हुये दोनो गिरफ्तार शुदा आरोपीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस तरह पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 21 (बी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी की सच्चाई से जहां यह बात भी उजागर होने से नही चूक पाई है कि मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में इसके तार राजस्थान से जुडे हुये है। वही दूसरी ओर इस कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक धनीराम, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, विश्वजीत सिंह, मोहन चौरे, अखिलेश पटैल, रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू , प्रदीप गुप्ता, दीपक राजपूत, शिवम पटेल, राम सिंह की अहिम भूमिका देखने मिली है।




## पैगाम- ए- मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन, बेटी पैदा होते है रहमत नाजिल होने लगती है - रूहुल अमीन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के शक्ति चौक पर अजीमुश्शान जलसा पैगाम ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस, इस्लाम एवं साइंस पर तकरीर का आयोजन खुशनुमा अंदाज में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में मुख्य मेहमान डॉक्टर रुहुल अमीन जबलपुर ने मोहम्मद मुस्तफा की शान में नाते पाक गुनगुनाते हुए तकरीर में कहा कि रसूल अल्लाह की सुन्नत ही मेडिकल साइंस है। मंच पर प्रेक्टिकल करते हुए उन्होंने खाना खाने का, पानी पीने से लेकर सोने का तरीका इस्लाम एवं साइंस से जोड़ते हुये विस्तार से बताया और अमल करने को कहा। नमाज अल्लाह की इबादत है इसके साथ ही नमाज पढ़ने के लिए जो अरकान किये जाते है उससे क्या लाभ होता है इस विषय पर विस्तार से तकरीर की गई। तकरीर के दौरान पूरा जलसा परिसर सुब्हान अल्लाह, नाराए तकबीर अल्लाहो अकबर के नारो से गूंजता रहा। इस दौरान उन्होंने आगे बताया की बेटियों के पैदा होते ही घरों में रहमत नाजिल होने लगती है। जबलपुर से आए हुए मौलाना चांद कादरी, करामत अली ने मोहम्मद मुस्तफा एवं गोसे पाक की शान में तकरीर की गई। वही जलसा कार्यक्रम में हाफिज वकील अहमद साहब जबलपुर, हाजी बाबा रोनक अली, जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुबेर आलम एवं उलमाए इकराम, शहर के हाजी, नात पढ़ने वाले मंच पर रौनक अफरोज थे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने शिरकत कर सभी उलमाओं का पुष्प मालाओ से स्वागत करते हुए कहा कि धर्मगुरु हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान नगर के जाने माने एडवोकेट एच व्ही रफीक, नगर पालिका सभापति शुभम सुनील राजपूत के आलवा उमाकांत गुप्ता, पूर्व पार्षद अखिलेश राय ने कार्यक्रम ने शिरकत की। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने मंच पर मंच पर बैठे उलमाओ एवं सभी अतिथियों का पुष्प मालाएं पहनकर दिली इस्तकबाल किया गया। वही पैगाम ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जलसे को सफल बनाने में जामा मस्जिद कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मेंहमूद पहलवान, उपाध्यक्ष आशिक हुसैन, शाहिद ठेकेदार, आशिक अली, शेख सलमान खान, इमरान ताजी, अफजल खान, सोहेल खान, रानू खान, हसनी हुसैनी सोसायटी अध्यक्ष लकी अली, राज ताजी, आबिद खान, सप्पू खान, बबलू मंसूरी, इकबाल खान, लाइक खान, अनवर मंसूरी, बबलू राइन, छोटू मंसूरी, अनीस ताजी, संजू मंसूरी, शेरू राइन, सादिक मिस्त्री, यहफाज खान, मोहसिन खान, शाहिद अली, मोनू खान, आमिर खान, दानिश खान, साहेब खान, अनस खान सहित नौजवानों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। स्वागत संचालन एवं आभार प्रदर्शन मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान बबलू द्वारा किया गया।

## बदली की ओट में छिपे हुये चंद्रमा ने व्रतधारी महिलाओं को कराया काफी इंतजार, सुहागिनी महिलाओं ने निर्जला व्रत रख चंद्रमा से मांगा अपने अटल सुहाग का वरदान





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

हिन्दू संस्कृति में महिलाओं के लिए सबसे प्रिय त्यौहार करवा चौथ का त्यौहार शहर में कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी यानि की कल रविवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस वर्ष इस त्यौहार की खास बात यह थी कि सर्वार्थ सिद्वि योग एवं गणेश चतुर्थी के महा संयोग लेकर विशेष फलवती लेकर आया था, जिसके कारण सुहागिनी महिलाओं में करवा चौथ का त्यौहार मनाने का जबर्दस्त उत्साही दिखाई दे रहा था ओर वे सज संवर कर अपने पतियों को आकर्षित करने, घरों में खुशियाँ बिखरने कोई कोर कसर बाकी नही रखना चाह रही थी। जिसके चलते देखा गया कि सुबह सुहागिनी महिलाओं ने स्नान कर संकल्प लेने के बाद करवा चौथ के निर्जला व्रत धारण कर और ढलती संध्या के समय अपने घरों के अंगनों में स्थापित मिट्टी के बायना भरे करवो भगवान शिव, माता पार्वती का विधि विधान से पूजन कर माता पार्वती को चुनरी, बिंदी, सुहाग सामग्री अर्पित कर उनके प्रार्थना कि वे उनके पतियों को शक्ति, सुख शांति प्रादन कर दीर्घजीवी बनायें। सुहागिनी महिलाओं ने माता पार्वती, भगवान शिव, श्रीगणेश का स्मरण कर तेरह गेंहू के दाने हाथ में रख पंडितों से करवा चौथ की कहानी सुनी, आकाश में चंद्रोदय होने के बाद सुहागिनी महिलाओं ने भगवान चंद्रमा का रोली, चांवल, फूल चढ़ाकर पूजन कर छलनी के जरिए चंद्र दर्शन किया और भगवान चंद्रमा से अपने अटल सुहागवती रहने का बरदान मांगा। वही बुजुर्गो का पैर छूकर आर्शीवाद लेने के बाद महिलाओं ने उनके सुख, दुख के साथी अपने पतियों का चरण स्पर्थ कर उनके हाथों से पानी पीकर करवा चौथ का निर्जला व्रत समाप्त किया। इस तरह से करवा चौथ के दिन रविवार को शहर का बाजार गुलजार रहा और सुहागिनी महिलाओं ने अपने परिवारजनों को कई तरह के व्यंजन खिला अपने घरों के वातावरण को मधुर बनाया तथा अपने पतियों का छलनी के माध्यम से चेहरा निहारते हुये अपना व्रत समाप्त किया गया। नगर में देखा गया कि चंद्रमा के उदय होते हुये ही छतों पर जहां महिलाओं के झुंड नजर आने लगे थें और अपने सजे सबरे हुये पतियों को चेहरा देखते हुये आनंदित होकर उनकी पूजन करते हुये दिखाई पड़ने का नजारा देर रात तक चलता रहा। मगर इस दौरान देखा गया कि आसमान पर छाई हुई बदली के चलते चंदा मामा ने ब्रत धारण करने वाली महिलाओं को काफी परेशान करने के साथ अपने दर्शन देने में इंतजार कराया गया।

## कोर्ट परिसर से चोरी हुई मोटर साईकिल को पुलिस ने दो दिन के अंदर खोज निकाला, आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



यह बात अलग है कि नगर में पूर्व के समय लोगों के घरों के सामने से चोरी हुई मोटर साईकिलों को चोरी करते हुये आरोपियों की फोटो नगर में जहां तहां लगे हुये केमरों में कैद होने के बाद भी अभी तक पुलिस उन्हें खोजने में असफल दिखाई दे रही है। मगर दूसरी ओर जिस तरह बीते हुये दिनों नगर के कोर्ट परसिर से चोर द्वारा पार की गई मोटर साईकिल को पुलिस द्वारा दो दिन के अंदर खोजने में सफलता प्राप्त करने के साथ आरोपी को भी गिरप्तार कर लिया गया है। इस सफलता के पीछे अहिम भूमिका पुलिस द्वारा नगर में जनसहयोग सेलगाये गये सी.सी.टी.व्ही. कैमरों को बताया जा रहा है जिसके चलते मोटर साईकल चोर तथा चोरी गई मोटर साईकल दो दिन के अंदर खोजने में सफलता प्रापत हुई है। द्वारा पुलिस द्वारा अपने खुलासा में बताया है कि बीते हुये दिवस प्रार्थी दीपेश पिता श्री सत्य प्रकाश कौरव निवासी ग्राम माल्हनवाड़ा ने पुलिस थाना गाडरवारा में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि वह बीते हुये 17 अक्टूबर को अपने किसी काम से गाडरवारा कोर्ट आया हुआ था उसी दौरान दोपहर 11 बजे सिविल कोर्ट परिसर से किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल क्र.MP49MA5894 को चोरी कर लिया गया था। घटना को लेकर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। इस दौरान पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक संदिग्ध व्यक्ति मार्ग रेल्वे फाटक के पास एक मोटर साईकिल को विक्रय करने की जुगाड़ में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर जब पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ते हुये पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम नर्मदा प्रसाद उर्फ हल्कू पिता चोखे लाल कुशवाहा उम्र 32 साल निवासी ग्राम ढुरसरी डूसरी थाना चीचली का होना बताया गया। वही दूसरी ओर युवक के पास से जप्त की गई मोटर साईकिल के कागजों के संबंध में जब पुलिस द्वारा पूछताछ की गइ्र तो किसी तरह से कागज नही बताये जाने पर पुलिस द्वारा युवक के पास से मोटर साईकिल को जप्त करते हुये आगे पूछताछ की गई तो उसने यह मोटर साईकिल क्रमांक MP49MA5894 को कोर्ट परिसर से चोरी करने की बात स्वीकार की गई। इस तरह पुलिस द्वारा कोर्ट परिसर से चोरी हुई मोटर साईकिल को घटना के दो दिवस के भीतर ही खोजने में सफलता हासिल करते हुये चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को भी गिरप्तार कर लिया गया है। इस कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षसक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर बटके, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश झा, कमलेश, आरक्षक प्रदीप गुप्ता, दीपक राजपूत, शिवम गुर्जर, देवेन्द्र सोनवंशी की अहिम भूमिका बताई जाती है।

## लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में बेरोजगार युवा सड़कों पर भटकने हो रहे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है। किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महॅगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है, पर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है। जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंता जनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि क्षेत्र के हर शिक्षित नौजवान को नौकर मिल सके और वह गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

## शासन की राशि की खुलेआम खेली जा रही होली, एक साल तक नहीं चल पाये एनजीओ द्वारा बनाये गये स्टाप डेम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सरकार द्वारा विकास कार्यो के साथ साथ पानी रोकने के लिए हर वर्ष करोड़ो रूपया तो जरूर खर्च किये जा रहे है, जिसके चलते जहां तहां किये जा रहे निर्माण कार्यो को पूर्ण करने का जिम्मा या तो निजी कंपनियों को सौपा गया है या फिर एनजीओं के माध्यम से कराया जा रहा है, मगर इन एनजीओं व निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किये जाने वाले इन निर्माण कार्यो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लाखों रूपया खर्च होने के बाद वह निर्माण कार्य अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करते हुए भी दिखाई नही दे रहे है जिसको देखकर शासकीय राशि की खुलेआम होली खिलते हुए जान पड़ रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगली क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि बीते हुये वर्ष एक एन जी ओ द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुए स्टाप डेमों सहित तालाबों को जिस प्रकार से निर्माण कार्य किया गया है उस निर्माण कार्य की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह मात्र एक औपचारिकता ही जान पड़ रहा है? अनेक जगहों पर तो सच्चाई इस प्रकार से देखने मिल रही है कि चंद दिनों पहले बनाये गये स्टाप डेमों पर शायद पानी भी नही भर पाया होगा और उनकी दिवारे दो भागों में विभाजित हो जाने के कारण इन निर्माण कार्यो की गुणवत्ता स्वयं ही बताने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जंगल क्षेत्र में बनाये गये तालाबों के निर्माण कार्यो में देखी जा रही है, जहां पर बताया जाता है कि अनेक जगहों पर तो इस प्रकार के ऊंचे स्थलों पर तालाब निर्माण कर दिये गये है जहां बारिश के दिनों में पानी पहुंचने की कल्पना कर पाना भी मुश्किल बात है, वही इन निर्माण कार्यो में लगाई गई रेत व अन्य सामग्री की सच्चाई को लेकर भी अनेक संदेह पैदा होने से नही चूक रहे है, इस प्रकार से जल रोकने के लिए कराये गये निर्माण निर्माण कार्यो की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो अनेक प्रकार से चौकाने वाले सच्चाई उजागर होने से नही बच पायेगी?






# छात्रवृत्ति घोटाले में तत्कालीन लेखापाल गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की पहचान जारी

**पूर्व में हो चुकी है मुख्य आरोपी सहायक आयुक्त की गिरफ्तारी**
**आदिवासी विभाग में करोड़ों के हेरफेर का मामला**

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी-

जिले में आदिवासी विभाग में 2 करोड़ 59 लाख के घोटाले के मामले में आरोपी तत्कालीन सहायक आयुक्त की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने रविवार को तत्कालीन लेखापाल संदीप कुमार चैरसिया उर्फ गुल्ला को गिरफ्तार कर लिया है।जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।लेखपाल संदीप चैरसिया पर फर्जी तरीके से राशि के गबन से संबंधित दस्तावेज तैयार करने के आरोप हैं।दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मामले की तस्वीर भी लगभग साफ हो गई है और पुलिस ने अन्य आरोपियों की पहचान भी कर ली है।जिनकी गिरफ्तारी निकट समय मे होने की संभावना है।इसके पूर्व पुलिस को अन्य आरोपियों की पतासाजी हेतु भारी मशक्कत करनी पड़ रही थी।गौरतलब है कि आदिवासी विभाग के सात बैंक खातों के जरिये हुई सरकारी राशि के हेरफेर के इस मामले को सुलझाने में पुलिस लंबे समय से प्रयासरत थी।जिसके चलते पुलिस ने राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय जांच टीम के कथनों का अवलोकन भी किया था और अनिमितताओं को सच पाया था।इसी तरह तत्कालीन कलेक्टर ने भी चार सदस्यीय जिला स्तरीय टीम से शिकायत की पड़ताल करवाई थी।इस जांच दल ने भी तत्कालीन सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके के कार्यकाल में आदिवासी विभाग में 25 फरवरी 2019 से 21 जनवरी 2021 तक की अवधि में भारी वित्तीय अनिमिताओं का लेख जांच प्रतिवेदन में किया था।इसके साथ ही लोकायुक्त जांच में यह घोटाला 2 करोड़ 59 लाख का पाया गया था।जिसके मद्देनजर तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर वर्तमान सहायक आयुक्त डॉ. संतोष शुक्ला ने तत्कालीन सहायक आयुक्त अमरसिंह उइके के विरूद्ध कोतवाली डिंडौरी में 21 फरवरी 2024 को धारा 420,409 और 34 के तहत मामला दर्ज करवाया था। अपने विरुद्ध मामला दर्ज होने की भनक पाते ही आरोपी अमरसिंह अपने पदस्थापना स्थल सिवनी जिले से फरार हो गया था।जिसको पाँच माह बाद 27 जुलाई को भोपाल की होटल से गिरफ्तार किया गया था।

**'कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती पर भी पूछताछ जारी'**

करोड़ों के इस हेरफेर के मामले में पुलिस ने विभाग में हुये फर्जी 28 कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती पर भी पूछताछ शुरू कर दी है।पूर्व में मूल दस्तावेज जप्ती के बाद अब पुलिस ने सभी 28 ऑपरेटरों के नाम,पदस्थापना, कार्य अवधि, पदस्थापना आदेश सहित भुगतान के स्त्रोत और तरीकों की जानकारी भी तलब की है।जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।पुलिस ने सभी संदिग्ध कंप्यूटर ऑपरेटर से नियुक्ति संबंधित मूल दस्तावेज भी जप्त किये हैं।

**'अब तक आधा सैकड़ा से पूछताछ पूरी'-**

मामला दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने अब तक 50 की संख्या में विभागीय नुमाइंदों, व्यापारियों और सप्लायरों से पूछताछ करके आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन किया है।

**'संदेह के दायरे में यह सप्लायर'-**

आदिवासी विभाग के सरकारी खजाने में की गई सेंधमारी के मामले में कृष्णा टूर एंड ट्रेवल्स,अनुराग ट्रेडर्स,आलोक शर्मा,मीनाक्षी ट्रेडर्स, वैभव ट्रेडर्स, नीलेश नामदेव, मां रेवा टूर एंड ट्रेवल्स, नितिन ग्लास हाउस,मां नर्मदा टूर एंड ट्रेवल्स नामक फर्म संदेह के दायरे में हैं। इन सभी नौं फर्म संचालकों पर सरकारी राशि के हेरफेर में शामिल होने की शंका है।

**'यह सात बैंक खाते सीज'-**

जिन सात बैंक खातों के माध्यम से फेरफेरी के इस अपराध को अंजाम दिया गया है।उनमें अनुसूचित जन जाति (ट्राईबल) राज्य छात्रवृति योजना, अनुसूचित जाति राज्य छात्रवृत्ति योजना,अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजना, रेडक्रास मद, क्रीडा मद, भारत स्काउट एवं गाईड योजना के बैंक खाते हैं।आरोप है कि इन्हीं बैंक खातों के माध्यम से छल पूर्वक विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं, दुकानदारों को आहरण भुगतान कर शासकीय राशि का गबन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रोड के किनारे फेके गए कोल ड्रिंक्स के दर्जनों पैकेट



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी-** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरकंटक रोड में जेल बिल्डिंग के आगे पुलिया के पास रोड के किनारे कोल ड्रिंक्स के दर्जनों पैकेट खुले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। इन पैकटों को छोटे-छोटे बच्चे ले जाते देखे जा रहे हैं। इन पैकेटों को किसने और क्यों फेंका है, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया गया कि इन कोल्ड ड्रिंक की छोटी बोतल की उपयोग करने की डेट खत्म हो गई होगी जिससे जिम्मेदारों द्वारा इन पैकेटों को यहां खुले में फेंक दिया गया है। अगर इसके सेवन से किसी को नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार किसे ठहराया जाएगा। सूत्रों की मानें तो किसी एजेंसी संचालक द्वारा यह पैकेट यहां फेके जा सकते है। दो-तीन बच्चे इन पैकेटों को साइकिल में लेकर जाते हुए भी देखे गए हैं। अगर इससे कोई बड़ा हादसा होता है तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसे फेंकने वालों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### सट्टा खिलाते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी-** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिण्डौरी वार्ड क्रमांक 13 में एक युवक को पुलिस ने सट्टा खिलाते हुए पकड़ा है। जानकारी में पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक 13 पुरानी डिण्डौरी में एक आदमी सट्टा पर्ची लिख रहा है। जिसके बाद कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पटेल हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जहां वार्ड क्रमांक 13 पुरानी डिण्डौरी में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची लिखते हुये मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ में उसने नाम रूपेश कुमार धुर्वे पिता फूलसाय धुर्वे उम्र 37 साल निवासी गंगा सागर लोधी मोहल्ला थाना गढा जिला जबलपुर हाल वार्ड क्रमांक 13 पुरानी डिण्डौरी बताया। सट्टा लिखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक सट्टा पर्ची, एक नीला डॉट पेन एवं नगदी 200 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 4 (क ) सट्टा एक्ट की कार्यवाही की गई।

### वाहन चालकों को हेलमेट पहनने किया प्रेरित

**डिंडोरी-** रविवार को ''करवा चैथ'' त्यौहार के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमति वाहनी सिंह के निर्देशन पर लोगो को दो-पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिये प्रेरित करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा अनोखी पहल करते हुये समनापुर तिराहा मे जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया । जिसमें करवा चैथ की हार्दिक शुभकामनायें देते हुये '' पत्नि से है प्यार, तो हेलमेट को करो स्वीकार'' संबंधी बैनर बनवाया जाकर लोगो को हेलमेट धारण कर दो-पहिया वाहन चलाने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम के दौरान हेलमेट धारण कर दो-पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें मिठाई खिलायी जाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया था । तथा जिन वाहन चालकों द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया गया था, उन्हें रोककर हेलमेट की महत्ता बतलाते हुये हेलमेट धारण करके ही दो पहिया वाहन चलाये जाने की समझाईश दी गयी । डिण्डौरी पुलिस आम जनता से दो-पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार-पहिया वाहन चलाने समय सीट बेल्ट धारण कर वाहन चलाने की अपील करती है ।

### महिला के साथ अभद्रता करने वाले मामला दर्ज

**डिण्डौरी-** कोतवाली थाना अंतर्गत नजदीकी ग्राम पंचायत की महिला कर्मचारी के साथ ग्राम के ही दो युवकों पर रास्ता रोककर गाली गलौच करने के आरोप लगे है। जिसकी षिकायत महिला कर्मचारी ने महिला थाना में दर्ज कराते हुए कार्यवाई की मांग की है।



# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**डिण्डौरी -** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में एवं डॉ संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के मार्गदर्शन में तथा शालेय खेलकूद कलैंडर 2024- 25 के अनुसार रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डिंडोरी ,करंजिया, शहपुरा, अमरपुर मेहदबानी ,बाजाग, समनापुर के विकासखंड से चयनित खिलाड़ी सम्मिलित हुए। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड ,1500 मीटर दौड, 3000 मीटर दौड़, 5000 मीटर दौड़, पैदल चाल ,गोला फेक, भाला फेक, तवा फेक, ऊंची कूद ,लंबी कूद, हैमर थ्रो, बाधा दौड इत्यादि विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ी छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया । जिला क्रीड़ा प्रभारी पीएस राजपूत ने जानकारी में बताया कि जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता कुरई जिला सिवनी में दिनांक 21 एवं 22 अक्टूबर 2024 को भाग लेंगे ,और वहां से चयनित होने के पश्चात विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अलीराजपुर में 24- 25 अक्टूबर 2024 को भाग लेंगे भाग । प्रतियोगिता संपन्न कराने में धर्मेंद्र मार्को ,कैलाश रजक, परवेज खान ,प्रदीप बैरागी, राम प्रसाद पटेल, अनिल लोधी , नवीन खरगाल ,राजकुमारी श्याम ,उषा मानिकपुरी, नारायण मरावी, प्रदीप बैरागी, राम परशुराम मथुने, डॉली कोरचे, गजेंद्र वर्मे, चंद्रशेखर गौतम, दिलीप सोनवानी, अमर साहू इत्यादि खेल शिक्षकों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# 8 माह में यातायात पुलिस ने 3729 चलानी कार्यवाई की, 20 लाख से अधिक संमंस शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी




जिले में यातायात नियमों का पालन नही करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने विगत 8 माह में 3729 लोगों के विरूद्ध कार्यवाई करते हुए 20 लाख 79 हजार 8 सौ रूपये संमंस शुल्क वसूला है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने और माल वाहक में सवारी ढोते पाये जाने पर 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया है। यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके ने बतलाया कि 1 जनवरी 2024 से 15 अगस्त 2024 तक की गई चालानी कार्यवाई विना हेलमेंट 1685 लोगों से 5 लाख 5 हजार 5 सौ रूपये वसूला गया है। बिना सीट बेल्ट के 557 व्यक्तियों से 2 लाख 78 हजार 5 सौ रूपये , बिना नंबर प्लेट के 219 वाहनों से 1 लाख 9 हजार 5 सौ रूपये , तेज गति से वाहन चलाने वाले 9 लोगों से 15 हजार , ओव्हर लोड माल वाहन एक से 11 हजार रूपये , ओव्हर लोड 111 वाहनों से 91 हजार 8 सौ रूपये वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग करने वाले 12 लोगों से 12 हजार रूपये , नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चालन करने वाले 18 लोगों से 26 हजार रूपये , बिना ड्रायविंग लायसेंस के वाहन चलाने वाले 28 लोगों 58 हजार रूपये , बिना थर्ड पार्टी बीमा के वाहन चलाने वाले 36 लोगों से 84 हजार रूपये , प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरूद्ध 32 लोंगों पर कार्यवाई करते हुए 80 हजार रूपये , खतरनाक स्थिति में वाहन खडे करने वाले 22 लोगों के खिलाफ कार्यवाई में 11 हजार रूपये , प्रेषर हार्न द्वारा उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए 14 हजार रूपये , बिना परमिट या परमिट शर्तो का उल्लघन करने पर 49 लोगों से 1 लाख 54 हजार रूपये, नो पार्किंग उल्लघन पर 109 लोगों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए 54 हजार 5 सौ रूपये , प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने वाले 09 व्यक्तियों पर कार्यवाई करते हुए 45 हजार रूपये , संमंस शुल्क वसूला गया है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के 5 प्रकरण एवं माल वाहन में सवारी ढोते पाये जाने पर 5 लोगो के खिलाफ कार्यवाई करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है।

# ग्राम पंचायत धनुवांसागर सचिव पर ग्रामीण ने लगाया मारपीट के आरोप

## सरपंच सचिव की आपसी खींचतान से रूके विकास कार्य, नहीं हुआ ग्राम सभा का आयोजन

डिण्डौरी

जनपद पंचायत डिण्डौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धनुवासागर में लंबे समय से सरपंच, सचिव, मोबिलाइजर की आपसी खींचतान के चलते पंचायत के विकास कार्य रुके हुए वहीं ग्रामींणों को शासन की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। आए दिन आपसी विवाद के मामले थाने तक पहुंच रहे हैं। और सरपंच सचिव एक दूसरे पर ग्राम पंचायत के सरकारी काम काज संचालन में बाधा पैदा करने के आरोप लगा रहे है। वहीं इनकी कार्यप्रणाली से ग्रामींण भी परेषान है शासन की योजना से संबंधित ग्रामींणो के द्वारा जानकारी चाही जाती है तो इनके द्वारा गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया जाता है यहां तक की ग्रामींणों के साथ मारपीट तक की नौबत बनती है। ऐसा ही मामला शनिवार को कोतवाली थाना पहुंचा जिसमें एक ग्रामीण ने सचिव के ऊपर मारपीट कर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया। वहीं मोबिलाइजर द्वारा ग्राम पंचायत निवासी दो युवकों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। सरपंच द्वारा भी सचिव की मनमानी की कई बार शिकायत जनपद समेत जिला स्तर के अधिकारियों से की जा चुकी है। इसके बाद भी आपसी खींचतान और विवाद पर लगाम नहीं लग पा रही है। इन सबके बीच शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं ठप्प पडी हुई हैं और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

**सचिव के खिलाफ मामला पंजीबद्ध-**

कोतवाली थाना में फरियादी मूलचंद चैधरी पिता स्व० अमोली चैधरी उम्र 58 साल निवासी ग्राम धनवासागर ने आवेदन पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सचिव सुशील कुमार चंदेल से आवास की जानकारी मांगने पर भरे चैराहा में जाति सूचक गाली गलौज मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई है। प्रार्थी मूलचंद चैधरी ने बताया कि शनिवार को सुबह लगभग 10.30 से 11 बजे के बीच मैं जूता चप्पल का कार्य कर ग्राम लाखो से वापस घर आ रहा था। इसी समय धनुवासागर में नर्मदा यादव के घर के सामने रोड में मुझे सचिव सुशील कुमार चंदेल मिला, जिससे मैंने इतना पूछा कि मेरा आवास क्यों नहीं हो रहा है। इतना सुनते ही सुशील कुमार चंदेल अपनी मोटरसाइकिल से उतरकर मेरा कलर पकड लिया और गाली गलौच करते हुए बोला कि मेरे से बार- बार आवास के बारे में क्यों पूछता रहता है। मैं तेरी ऐसी तैसी कर दूंगा ऐसा कह मेरा शर्ट पकडकर खींचा और मारपीट करने लगा जिससे मैं सड़क पर गिर गया। फिर लात मारा जिससे मुझे हाथ पर चोट आई है। घटना को ग्राम के कमलेश यादव, रुजन यादव, राजू यादव, लोकनारायण यादव एवं राजेंद्र यादव देखें सुने है। जिन्होने बीच बचाव किए है। जाते समय दोबारा बात करने पर जान से मरवा देने की धमकी सुशील चंदेल द्वारा दी गई। सचिव द्वारा मारपीट करने एवं दी गई धमकी से मैं अत्यधिक भयभीत हूं। दोषी के विरूध्द कार्यवाही करने की मांग की गई। पुलिस ने आरोपी सचिव सुशील कुमार चंदेल के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस, 3 (1) (द), 3(1) (ध), 3(2) (व्ही-ए) एससी-एसटी एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**सचिव के विरोध के कारण नही हुई ग्राम सभा -**

ग्राम पंचायत धनुवासागर में दो अक्टूबर को ग्राम सभा नहीं होने के चलते सरपंच द्वारा जिला पंचायत सीईओ से ग्राम सभा आयोजित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग की गई है। सरपंच द्वारा जिला पंचायत सीईओ को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत दो अक्टूबर की ग्राम सभा नहीं हो पाने के कारण 14 अक्टूबर सोमवार को विशेष ग्राम सभा ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में आयोजित किया जाना था। आरोप लगाया गया कि सचिव के विरोध और सहयोग न मिलने के कारण उक्त विशेष ग्राम सभा भी नहीं हो पाई। ऐसी स्थिति में 23 अक्टूबर बुधवार को ग्राम पंचायत भवन में जन समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजित किया जाना है। आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की बैठकें लेने में रूचि नहीं ली जाती है, जिसके कारण शासन द्वारा निर्धारित ग्राम सभाएं व पंचायत की बैठकें लगातार विधिवत ढंग से नहीं हो पा रही हैं, जिसके चलते ग्राम पंचायत अंतर्गत जन समस्याएं बढ़ गई हैं। जन समस्याओं के निवारण के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजन करने की अति आवश्यकता है। ग्राम सभा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुएं विशेष ग्राम सभा आयोजन करने की अनुमति देने की मांग की गई है।

# सारसडोली के नदिया टोला में ट्रांसफार्मर बदलने की मांग



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

विकास खंड मेंहदवानी के नजदीकी ग्राम सारसडोली के नदिया टोला में लगा ट्रांसफार्मर विगत तीन-चार माह से खराब हो गया है जिससे किसानों को थ्रीफेस बिजली नहीं मिल रही है।ऐसी स्थिति में किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। कृषक दीपक साहू ने बताया कि नदिया टोला में लगा ट्रांसफार्मर विगत तीन-चार माह से खराब है जिसमें बिजली मात्र सिंगल फेस मिल रहा है जबकि किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए मोटर पंप चलाने थ्रीफेस बिजली की आवश्यकता है। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को बार बार अवगत कराया गया है। नदिया टोला सारसडोली के किसानों ने विद्युत ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है।

# जिला समन्वय समिति अनूपपुर की मासिक गोष्ठी सम्पन्न

चचाई

17 अक्टूबर को गायत्री परिवार अनूपपुर जिले की बैठक उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में अनूपपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें 30 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमें ग्राम लहरपुर, सेमरवार दर्री टोला,सिवनी,बर्री में 5/9 कुंडीय यज्ञ की तारीखों का निर्धारण हुआ ग्राम पासला एवं केल्हौरी धिरौल पटना अमिलिया में पांच कुण्डी यज्ञ करने का संकल्प लिया गया। कोतमा क्षेत्र में 25 ग्रामों का संपर्क पिछले दिनों हुआ इसमें और गति प्रदान करने का संकल्प हुआ। चेतना केन्द्र अनूपपुर में 25 कुर्सी परिजनों के सहयोग से क्रय की गई साथ ही नवंबर में लगभग 40 परिजन शांतिकुंज हरिद्वार चलने का टिकिट करवा चुके है। माता जी का ज्योतिकलश उत्साह भरे मन से लाकर प्रत्येक गांव में पहुंचाने एवं प्रत्येक घर में गायत्री उपासना एवं यज्ञ (विश्व की हर समस्या का संपूर्ण समाधान) को स्थाई स्थापना की योजना बनी एवं प्रत्येक परिजन का संकल्प स्वर व्यक्त हुआ साथ ही सभी परिजनों से निवेदन किया गया कि अति शीघ्र अपनी अपनी तहसीलों की गोष्ठी सम्पन्न कर के गुरुदेव के युग निर्माण योजना को सफल बनाने में सहायता करें अंत में जिला स्तर के गोष्टी कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम में सभी परिजनों के अलावा श्री के एन योगी जी सामान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में संतोष कुमार सोनी जिला सामान्य अनूपपुर ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पारिवारिक विवाद पर कीटनाशक का युवक ने किया सेवन

डिण्डौरी

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का कचनारी निवासी एक युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद बाजार से कीटनाशक खरीद कर उसका सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर उसे 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए बयान में भूपेंद्र कुबेर पिता तुलाराम जाटो निवासी गोहद थाना गोहद जिला भिंड हाल निवासी सक्का कचनारी ने बताया कि मेरी शादी 2009 में ग्राम स्लमपुरा मुरैना निवासी युवती के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। दोनों के दांपत्य जीवन से एक लड़का 11 वर्ष व एक लड़की 10 वर्ष की है। मेरी पत्नी खैरदा स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। मैं अपने घर से चार-पांच दिन पहले अपनी पत्नी के पास सक्का कचनारी आया था। मैं पत्नी के साथ तीन दिन अच्छे से रहा। फिर मेरी पत्नी ने मुझे बोला कि तुम अपने घर चले जाओ। तब मैं बोला कि अभी तो आया हूं। इतने में मेरी पत्नी बोली कि तुम मेरे घर से चले जाओ। तब मैं शनिवार को बाजार से किलोन की दवाई लाकर उसके सामने रंजिशवश करीबन सुबह 11 बजे पी रहा था। आधा सीसी किलोन पी लिया था, तभी मेरी पत्नी ने किलोन को छुड़ा लिया। फिर मैं वहीं बैठा रहा, तो मेरी पत्नी ने 108 एंबुलेंस गाड़ी को फोन का बुलाई, जिससे मैं अकेले जिला अस्पताल डिण्डौरी आकर भर्ती हुआ हूं।

### रतनजोत के बीजों का सेवन करने से चार बच्चे हुए बीमार

**डिण्डौरी-**कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कूडा में खेलते खेलते चार बच्चों ने रतनजोत के बीजों का सेवन कर लिया। तबीयत खराब होने पर उनके परिजनों द्वारा बच्चों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए कथन में अनूप सिंह मरावी पिता अंतराम मरावी उम्र 41 साल निवासी कूड़ा ने बताया कि शनिवार को मैं अपना खेत देखने गया था। मेरी पत्नी मजदूरी करने गई थी। मेरे छोटे भाई मनोज मरावी के दो बच्चे ऐयांश मरावी उम्र उम्र 4 साल, आदित्य मरावी ढाई साल एवं मेरे छोटे भाई रमेश मरावी का लडका रिहान मरावी उम्र 5 साल और मेरी बच्ची सविता मरावी उम्र 3 साल अपने घर में थे। सभी भाई एवं बहू अपने काम पर गए थे। बच्चे खेलते समय दोपहर करीब 3:30 बजे रतनजोत के बीज को खा लिए थे। उल्टियां होने लगी तब देखे कि घर के आंगन में रतनजोत के बीज पड़े थे इससे पता चला कि बच्चों ने रतनजोत के बीज खा लिए हैं, जिससे उन्हें उल्टियां होने लगी हैं। इसके बाद 108 एंबुलेंस गाड़ी को फोन का बुलाए, जिससे बच्चों को सरकारी अस्पताल डिण्डौरी में उपचार हेतु भर्ती किए हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर की दो बहनों ने बढ़ाया गौरव



**नरसिंहपुर।** नगर की दो बेटियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की प्रतिष्ठित नेट परीक्षा एक साथ उत्तीर्ण की है। कु. शिवांगी पुरोहित प्रबंधन विषय में जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्रता परीक्षा एवं कु. शैलजा पुरोहित ने मास कम्यूनिकेशन विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) पास की है। एड. प्रदीप पुरोहित एवं अमिता पुरोहित की पुत्री है।

### परी करेंगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदेश का प्रतिनिधित्व




**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश शालेय वालीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व नगर के नरसिंह पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा परी पटेल करेंगी। छात्रा की सफलता पर प्रशिक्षक मनीष कटारे सहित विद्यालय परिवार ओर से संचालक तरुणेंद्र सिंह ठाकुर, वरुणेंद्र सिंह ठाकुर, भारती ठाकुर ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता 6 नवंबर से 10 नवंबर तक बरेली उत्तर प्रदेश में आयोजित की जावेगी।

### निगरानी समिति- दिशा की बैठक आज

**नरसिंहपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार 21 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी कलेक्टर एवं समिति के सदस्य- सचिव ने दी है।

### गौशाला परियोजना समन्वय समिति की बैठक कल

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौशाला परियोजना समन्वय समिति नरसिंहपुर की बैठक मंगलवार 22 अक्टूबर को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर ने दी है।

### अवैध वेंडरों के खिलाफ चलाया गया अभियान



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 एवं 2 पर स्टेशन प्रबंधक सुनील जाट ने आरपीएफ एवं जीआरपी बल की उपस्थिति में अवैध वेंडरों के खिलाफ चलाते हुए धरपकड़ की कार्यवाही की। श्री जाट ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडर पाये जाने पर वेंडर के साथ- साथ केंटीन वालों पर भी कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



**नरसिंहपुर।** रविवार को सम्पूर्ण जिले में करवा चौथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। करवा चौथ को लेकर दिन भर बाजार में रौनक बनी रही बाजार व गली मोहल्ले में पूजन सामग्री का जमकर विक्रय हुआ। व्रत को लेकर महिलाओं ने तीन दिन पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। शाम होते ही महिलाएं घर के छतों पर चांद निकलने का इंतजार करती नजर आई। माता करवा व चंद्र देव का पूजन कर पति का पूजन किया गया। मान्यता अनुसार इस दिन बिना जल व भोजन के व्रत रखने से पति की लंबी उम्र तथा सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

### श्री पटेल ने पशुपालकों को दी चैफ कटर मशीन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को पॉली क्लिनिक परिसर नरसिंहपुर में राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना अंतर्गत पशुपालकों को आधुनिक चैफ कटर (कटिया मशीन) वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने 30 पशुपालकों को चैफ कटर (कटिया मशीन) का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि अभी अधिकांश किसान आज भी खेत से चारा काटकर इसे हाथ से चलने वाली चारा मशीन से चारे की कटाई कर पशुओं को चारा खिलाते हैं। इस काम में किसानों को काफी श्रम करना पड़ता है।

# जिले में अवैध व्यापार पर नहीं लग पा रहा विराम

## ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

जिले में अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे है लेकिन जिले में अवैध कारोबार कम होने का नाम नहीं ले रहे है जो लोगों के लिये चिंता का विषय बनता जा रहा है। जिले मे आये दिन अवैध शराब, स्मैक, गांजा विक्रय करने वालों पर निरंतर कार्रवाई के उपरांत भी अवैध कारोबार कम होते नजर नही आ रहे है। पुलिस की सक्रियता के बाद भी अपराधों पर कमी ना आना गंभीर विषय बनता जा रहा है। जिले में अवैध व्यापार मे युवा पीढ़ी नशे की लत के कारण बर्बाद होती जा रही है। पुलिस को चाहिये की ठोस कार्रवाई कर जिले मे अवैध व्यापार को बंद कराना चाहिये।





### ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई

जिले में गुण्डे बदमाशों एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा दो आरोपियों से लगभग 1 लाख 33 हजार कीमत की 13.46 ग्राम स्मैक जप्त की गयी। उल्लेखनीय है कि जिले में जुआ, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ के ब्यापार, अबैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, गुण्डे एवं बदमाशों की धरपकड एवं अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णतः नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के के निर्देशन में जिले में आपरेशन प्रहार चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।

### दो आरोपियों से 13.46 ग्राम स्मैक जब्त

थाना स्टेशन गंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी लल्लू उर्फ भूपेन्द्र चौधरी पिता आशाराम चौधरी, उम्र 32 साल निवासी शक्ति नगर, स्टेशन गंज के कब्जे से 73 हजार रुपये मूल्य की 7.3 ग्राम अवैध स्मैक जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 816ध2024 धारा 8 (एसी), 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार आरोपी शंकरलाल मेहरा पिता गेंदालाल मेहरा उम्र 32 साल निवासी डागीढाना के कब्जे से 60 हजार मूल्य की 6.16 ग्राम अवैध स्मैक जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 819/2024 धारा 8 (एसी), 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में अनु. अधिकारी पुलिस नरसिंहपुर, श्रीमति मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्टेशन गंज निरीक्षक हिम्लेन्द्र पटेल, उनि विजय द्विवेदी, सउनि सतीश राजपूत, प्र. आरक्षक आशीष मिश्रा, प्र.आरक्षक गजराज, आरक्षक लक्ष्मी नगपुरे, आरक्षक संजय पांडे, आरक्षक योगेन्द्र, आरक्षक नंद किशोर, आरक्षक शिवम की मुख्य भूमिका रही है।

### 3 किग्रा गांजा व दो पेड़ सहित 4 गिरफ्तार

जिले के ठेमी थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग तीन किलोग्राम गांजा एवं गांजे के दो हरे पेड़ जब्त करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए 19 अक्टूबर को भीकम सिंह पिता हेमराज लोधी उम्र 59 साल, निवासी ग्राम बम्होरी से 3 किलो 209 ग्राम गांजा जब्त किया गया है एवं उक्त प्रकरण में नन्हेलाल आ. सोबरन सिंह लोधी, उम्र 39 साल निवासी ग्राम धमना एवं चंदन सिंह आ. गोपाल सिंह पटेल, उम्र 35 साल निवासी ग्राम पोनिया सह आरोपी भी बनाया गया है। उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 483/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया है। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आरोपी नेतराम आ. सुखमन लोधी उम्र 64 साल निवासी तिंदनी के कब्जे से दो हरे गांजे के पेड़ जिनका कुल वजन 3 किलो 100 ग्राम है जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया है।

## एकजुट होकर माझी जनजाति के लिये करेंगे प्रयास: उमाशंकर

# प्रादेशिक माझी प्रतिनिधि सम्मेलन सम्पन्न





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विगत दिवस प्रदेश में माझी जनजाति के आरक्षण को लेकर लंबे समय से संघर्षरत निषाद वंशीय माझी आदिवासी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय माझी प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रत्येक जिले के सामाजिक बंधुओं द्वारा अपनी सहभागिता दी गई। समाज की जनगणना, माझी आरक्षण,निषाद संस्कृति सहित सामाजिक जन जागरण अभियान पर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुहराज निषादराज जी का पूजन अर्चन कर हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उमाशंकर रायकवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि माझी जनजाति के आरक्षण के लिये अब केवल संवैधानिक विधि के माध्यम से पूरी एकजुटता से प्रयास किया जाना बेहद जरूरी है, युवा समाजसेवी मोंटी रैकवार दमोह ने राजनीतिक दलों की अपेक्षा सामाजिक स्तर पर एक मंच पर आकर एक ही लक्ष्य के साथ सभी को अपने अपने क्षेत्र में समाज के हक और अधिकार के लिये आगे आने की बात कही, सम्मेलन में मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहीं रानी रैकवार, छतरपुर ने निषाद माझी समाज के गौरवशाली इतिहास और समाज के महापुरुषों के कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कहीं। समाज की जनगणना को लेकर ग्वालियर के प्रीतम सिंह बाथम ने विस्तृत और समग्र रूप से समाज का डेटा एकत्र किये जाने की कार्ययोजना बताई, प्रो पवन वर्मा, रीवा ने प्रदेश की जनजाति की सूची में माझी जनजाति के साथ समाहित नामों को लेकर आने वाले समय में शासन व न्यायिक स्तर पर कार्यवाही किये जाने हेतु समाज को जन जागरण के माध्यम से अवगत किये जाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएल वर्मा, इंदौर ने प्रदेश स्तर के एक मजबूत संगठन तैयार करने और उसके माध्यम से सरकार के समक्ष समाज का पक्ष रखने का सुझाव दिया इसी कड़ी में अजय रैकवार छतरपुर ने समाज के हक और अधिकार के लिये राजनीतिक रूप से सक्रिय रहकर चुनावों में भाग लेने को महत्वपूर्ण बताया, गोवर्धन रैकवार सागर ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज के लोगों की किसी भी समस्याओं को लेकर हर संगठन को आगे आना होगा जिससे समाज की एकता मजबूत हो और समाज के लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सके, मनोहर रैकवार, सीहोर ने समाज के सक्रिय समाजसेवियों के माध्यम से प्रदेश भर में समाज को एकजुट किये जाने की कार्ययोजना बनने की पहल की जाने व जब तक समाज को जनजाति के हक और अधिकार नहीं मिल जाते तब तक समाज के कार्यक्रम में फूलमालाओं स्वागत न कराने के संकल्प लेने की बात की। पुरुषोत्तम कश्यप नरसिंहपुर ने समाज के कार्यक्रमों आयोजन के बाद मंच से बोले जाने वाली बातों के बाद अपने अपने क्षेत्रों में सामाजिक धरातल पर निष्क्रिय रहने से समाज को ऐसे कार्यक्रमों का लाभ न मिलने की बात की, युवा समाजसेवी विनोद सुनानिया, नर्मदापुरम ने प्रदेश में तीसरे मोर्चा के गठन और उसके माध्यम से समाज को राजनीतिक रूप से एकजुट करने की जरूरत बताई। सम्मेलन में अन्य बिंदुओं पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे व कार्यक्रम के संयोजक अमर नोरिया को समाज हित में आयोजन हेतु सहयोग व समर्थन दिया साथ ही माझी जनजागरण अभियान व माझी समाज के कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अमर सिंह नोरिया ( अम्मू ) को प्रदेश के समस्त समाजसेवियों की ओर से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रदीप माझी व आभार प्रदर्शन सोहन रैकवार ने किया।

## श्री नरसिंह पटाखा एसोसिएशन ने श्री पटेल का किया आभार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

दीपावली के त्यौहार को नजदीक आते ही सभी व्यापारियों में उत्साहित थे परन्तु उस समय चिंता हो गई जब हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने के लिए चर्च मैदान में तैयारी कर रहे थे। तभी पता चला कि खेल कूद विभाग ने मैदान घास एवं पिच बनाने के खुदाई की तैयारी शुरू कर दी । नरसिंह नगर पटाखा एसोशिएशन के



पूर्व पदाधिकारियों ने अपने संरक्षक जालम सिंह पटेल से अपनी बात रखते हुए बताया कि दीपावली पर पटाखा की दुकानों लगाने चर्च मैदान में चल रहे काम से अड़ंगा साबित हो रही है। अतः आप सभी व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लेकर चिंता जाहिर करते हुए तत्काल प्रभाव से काम को रुकवाने का निवेदन किया। पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने तुरत संबंधित अधिकारियों से बात करके काम दीपावली तक रुकवाने की बात रखी। जालम सिंह पटेल की बात को मानते हुए तुरंत चर्च मैदान में चल रहे काम को रुकवाया गया। आपने इस बात की जानकारी देते पुनः नरसिंह नगर फटाका एसोसिएशन के सदस्यों को मोबाइल पर जानकारी दी कि काम रुकवाया दिया गया साथ ही पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल से मिलकर उनके द्वारा पटाखा व्यापारियों के लिए दुकानों के लिए जगह प्रदान करने के लिए अपना आभार भी प्रदर्शित किया।

## बेरडी दहीलाही कार्यक्रम में पहुंचे हजारों विट्ठल भक्त

### सौंसर से लेकर बेरडी तक जगह-जगह पर लगे स्टॉल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**



ग्राम बेरडी में 13 अक्टूबर से चल रहे अखंड हरी नाम सप्ताह कार्यक्रम का समापन रविवार को दहिलाई एवं महाप्रसाद वितरण के साथ में किया गया। आयोजन में हजारों की तादाद में लोगों ने उपस्थित होकर दही लाई एवं महाप्रसाद ग्रहण किया। दही लाई कार्यक्रम में शामिल होने आए हजारों विट्ठल भक्तों का सौसर से लेकर बेरडी तक जगह-जगह पर भोजन पेयजल स्वल्पाहार फूलों का वर्षण स्वागत सत्कार किया गया।

बेरडी मे धार्मिक उत्सव के दौरान शोभायात्रा पर पुष्पवर्षाव किया गया। यह शोभायात्रा बाजार में पहुची जहां पर रंगन में घोडों को दौडाने के अलावा महिलाओं द्वारा फुगडी एवं भजनों का गायन किया गया। इसीतरह दहिलाही पश्चात पंचकोशी यात्रा भी निकली जो ग्राम के बाहर से परिक्रमा करते हुये पंढरीनाथ मंदिर पहुची। दहिलाही किर्तन में हभप समाधान महाराज भोजेकर ने कहा किचिंता करना, चिंतन करना, विचार करना तीनो में बारीक भेद है। विचारों में भविष्य के प्रति जब संदेह होने लगे तो ईश्वर की शरण में चले जाये। भगवान पर भक्त का आत्मविश्वास है तो हर परिस्थिती में भगवान अपने भक्त को तर लेते है। मनुष्य जीवन स्वभाव से स्वार्थी रहा है।

दूसरे पर जब अधिक संदेह होने लगे तब चिंता शुरू हो जाती है। क्षणिक चिंता होना स्वाभाविक है,भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्त सुदामा के लिये नंगे पैर दौडकर द्वार पर उसका स्वागत किया। बेरडी में सम्पन्न दहिलाही कार्यक्रम में लगभग 70 हजार भक्तों ने विठठल रूख्मिनी मंदिर में पहुचकर पुजा अर्चना की।

### 72 विद्यार्थियों ने ली हार्ट मरीजों को दी जाने वाले सीपीआर इलाज की ट्रेनिंग

**पांढुर्ना।** आज 20 अक्टूबर को स्थानीय नवनित भवन में न्यू चेतना मंच की पहल पर आयुर्वेदिक हार्ट हॉस्पिटल माधवबाग का स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में न्यू चेतना मंच के 72 वारियर्स को माधवबाग के डॉ गौरव शेलडे ने आपातकालीन स्थिति में सी. पी. आर. देकर मरीज की जान कैसे बचाई जा सकती है इसका प्रशिक्षण दिया। सभी वारियर्स को कॉर्डियाक अरेस्ट के दौरान पीडित की प्राथमिक सहायता हेतु प्रशिक्षित किया गया। डॉ गौरव शेलडे ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकांश लोगों ने इसकी ट्रेनिंग लेनी चाहिए ताकि हम ऐसे मरीजों की मदद कर सके। इस शिविर के आरंभ में न्यू चेतना मंच के पदाधिकारीयों तथा अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी ने माधव बाग कोंढाली की चिकित्सा टीम एवं डॉक्टर गौरव शेलडे का स्वागत किया। शिविर में 237 लोगों ने स्वास्थ परीक्षण का लाभ लिया। इस अवसर पर न्यू चेतना मंच के उपाध्यक्ष राजेन्द्र बेहुने, गोविंद अग्रवाल तथा सुनील बुधराजा के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहें।

## विधायक ने विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश के मुख्य आतिथ्य में शासकीय हाई स्कूल ठेमी में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 21 छात्रा व 20 छात्राओं सहित कुल 41 विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में विधायक श्री नागेश ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति देने वाले लगभग 21 विद्यार्थियों को नगद राशि व पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में छात्र- छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। सरकार का उद्देश्य है कि बेटा- बेटी को स्कूल जाने में असुविधा न हो और घर से विद्यालय व विद्यालय से घर सुरक्षित समय पर पहुंच सके, इसके लिए निरूशुल्क साईकिल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खूब पढ़कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। प्राचार्य गोविंद बड़कुर ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राजकुमार गुमास्ता, सरपंच मस्तराम गुमास्ता, जनपद पंचायत सदस्य रामजी पटेल, सोबरन सिंह पटेल, थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, शाला परिवार, विद्यार्थी और आम नागरिक मौजूद थे।